एक नजर में


## अजय गोयल वैश्य महासम्मेलन के ग्वालियर जिलाध्यक्ष एवं जगदीश मित्तल संभागीय अध्यक्ष नियुक्त





ग्वालियर। प्रदेश के वैश्य समाज के सबसे बड़े संगठन वैश्य महासम्मेलन द्वारा आज महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। संगठन ने जगदीश मित्तल को संभागीय अध्यक्ष तथा सुप्रसिद्ध व्यवसायी एवं स्वर्णा ज्वैलर्स के निदेशक अजय गोयल को ग्वालियर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश। महामंत्री अनिल जैन एवं महेश गर्ग ने बताया कि नवनियुक्त दोनों पदाधिकारी लंबे समय से समाजसेवा एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। अजय गोयल पूर्व में ग्वालियर चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष रह चुके तथा वर्तमान में सनातन मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय गोयल के अनुज हैं। वहीं जगदीश मित्तल चौम्बर के पूर्व पदाधिकारी होने के साथ-साथ अग्रवाल महासभा, द्वारकाधीश मंदिर समिति, बिरला नगर औद्योगिक क्षेत्र समिति सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं में वरिष्ठ पदों पर कार्यरत रहे हैं। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई के जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं जिला प्रभारी कपिल जैन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अजय गोयल के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को और भी सशक्त दिशा मिलेगी तथा समाजसेवा के कार्यों में नई ऊर्जा का संचार होगा। युवा संभागीय अध्यक्ष डॉ रजनीश नीखरा ने इन दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी।

## सुहाग का उजाला और विश्वास का प्रतीक सुवर्णा ज्वेलर्स की साधना गोयल की नारी शक्ति को सलाम



ग्वालियर, 11 अक्टूबर. करवा चौथ का पर्व हर साल प्रेम, विश्वास और अटूट बंधन का प्रतीक बनकर आता है। यह दिन केवल उपवास या रीति-रिवाजों तक सीमित नहीं, बल्कि पति-पत्नी के मधुर रिश्ते की मजबूती और आदर का उत्सव है इसी भावना को जीवंत करती हैं सुहागिन साधना गोयल, जो अपने पति अजय गोयल के साथ ग्वालियर के प्रसिद्ध सुवर्णा ज्वेलर्स, सराफा बाज़ार की पहचान हैं। साधना जी का कहना है — करवा चौथ सिर्फ चाँद का इंतज़ार नहीं, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक है जो एक स्त्री अपने जीवनसाथी के लिए हर पल संजोए रखती है। सुवर्णा ज्वेलर्स ने हमेशा सौंदर्य, परंपरा और विश्वास का संगम प्रस्तुत किया है। करवा चौथ के इस शुभ अवसर पर अजय गोयल द्वारा महिलाओं के लिए विशेष करवा चौथ ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च किया गया है, जिसमें पारंपरिक डिज़ाइन के साथ आधुनिकता का सुंदर मेल देखने को मिलता है। ग्वालियर की पहचान बन चुका सुवर्णा ज्वेलर्स आज भी सौंदर्य में संस्कार की झलक को संजोए हुए है। इस अवसर पर सादना गोयल ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा — हर नारी के चेहरे पर सुहाग का सिंदूर और प्रेम का उजाला यूं ही सदा चमकता रहे — यही करवा चौथ का असली अर्थ है। सुवर्णा ज्वेलर्स, सराफा बाज़ार - ग्वालियर का विश्वास और सुंदरता का प्रतीक जहाँ हर आभूषण में झलकता है प्रेम, परंपरा और पवित्रता का संगम।

# आईटीएम में गांधी विचार श्रृंखला-3 का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 11 अक्टूबर.** आईटीएम युनिवर्सिटी ग्वालियर में भारतीय ज्ञान परम्परा अध्ययन पीठ के अंतर्गत तीन दिवसीय 'गांधी विचार श्रृंखला-3 (महात्मा गांधी, नेहरूर और लोहिया) कार्यक्रम में तृतीय और अंतिम दिवस वक्ता के रूप में चिन्मय मिश्र, प्रोफेसर गौहर रज़ा, डॉ. दौलत सिंह चौहान, चित्तरंजन मिश्र, प्रोफेसर मिथिलेश कुमार, प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी, प्रज्ञा सिंह, प्रोफेसर सुचेता महाजन, डॉ. सुप्रिया पाठक शामिल हुए। वहीं विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता प्रियदर्शन, प्रोफेसर योगेश उपाध्याय और वंदना राग द्वारा की गई। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर श्री रमाशंकर सिंह जी, चांसलर श्रीमती रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, आईटीएम की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मजूमदार सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, ग्वालियर शहर से आये गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में युवा स्टूडेंट्स मौजूद रहे।



वक्ता चिन्मय मिश्र ने गांधी विज्ञान की दृष्टि पर चर्चा करते हुए कहा कि गांधी ने जो सात पाप गिनाए थे उनमें दो पाप थे- मानवता के बिना विज्ञान और दूसरा था नैतिकता के बिना व्यापार। वे नहीं चाहते थे कि मशीनें मानव श्रम को विस्थापित कर दें। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निर्भरता से हमारा दिमाग सुन्न हो जाएगा। गौहर रज़ा ने कहा कि लोग विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अंतर करना भूल गए हैं यह हमारे युग की सबसे बड़ी विडंबना है।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि गांधी प्रौद्योगिकी के विरुद्ध नहीं हैं। उनकी चिंता वास्तव में यह है कि मानव को प्रौद्योगिकी संचालित करेगी या प्रौद्योगिकी को मानव। रचनाकार प्रियदर्शन ने कहा कि डॉ. लोहिया ने कहा था कि 20वीं सदी के दो आविष्कार हैं एटम बम और गांधी। आखिर में एक ही बचेगा। आज ऊपर से लगता है कि एटम बम बचा है और गांधी मर गए।

वक्ता प्रोफेसर चित्तरंजन मिश्र ने गांधी जितना पश्चिमी प्रभाव से संघर्ष कर रहे थे, उतना ही पूर्व की जड़ता से भी लड़ रहे थे। प्रोफेसर मिथिलेश कुमार ने अपने वक्तव्य में सत्याग्रह की नैतिकता और उसके माध्यम से होने वाले आत्मिक उत्थान पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी ने जयप्रकाश नारायण को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपना व्याख्यान दिया। इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर को वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने कहा गांधी जीवन के अंतिम सत्य, आत्मशुद्धि और मुक्ति की तलाश में थे. कार्यक्रम में वक्ता प्रज्ञा सिंह, प्रोफेसर सुचेता महाजन, डॉ. सुप्रिया पाठक वंदना राग ने भी अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया. प्रत्येक सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं ने अतिथियों ने सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया।



## रक्तदान से मिलती है आत्मसंतुष्टि: कर्नल दुआ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 11 अक्टूबर.** यूथ पावर केयर रक्तदान सेवा समिति ने शनिवार को पीजीव्ही कॉलेज में रक्तदाताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 8 एमपी बटालियन एनसीसी के कर्नल सुमित दुआ थे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष आशीष कुमार जैन ने की। मुख्य वक्ता जेयू के डीसीडीसी प्रो. शांतिदेव सिसोदिया एवं विशिष्ट अतिथि संचालक तृप्ति साओ, कैप्टन डॉ. समीर भार्गव, डॉ. स्वाति पेंडसे, आशीष साओ मौजूद रहे। शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण संस्थापक गजेंद्र जैन ने दिया। इस मौके पर कर्नल दुआ ने कहा कि रक्तदान कर हम जहां एक और किसी की जान बचाते हैं, वहीं दूसरी और इससे आत्मसंतुष्टि भी मिलती है। प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं। रक्तदान के प्रति समाज में पहले की अपेक्षा लोगों में जागरूकता आई है.

## रेलवे के रिटायर्ड अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 3 .80 लाख रुपए



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 11 अक्टूबर.** सायबर क्रिमिनल्स द्वारा लगातार आमजन को नए- नए हथकंडे अपनाकर फांसा जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे के एक रिटायर्ड अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर 3.80 लाख रुपए ठगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें जालसाज ने खुद को सीबीआई ऑफिसर बताकर वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने के लिए पड़ताल शुरू कर दी है।

डीबी सिटी निवासी 64 वर्षीय सुधाकर यादव रेलवे विभाग से रिटायर्ड हैं। विगत दिनों उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से वॉट्सएप वीडियो कॉल आया। उसे रिसीव करने पर कॉलर ने स्वयं को सीबीआई ऑफिसर बताते हुए उनसे कहा कि तुम्हारा मोबाइल नंबर दो घंटे में बंद कर दिया जाएगा। जब बुजुर्ग ने उससे इसका कारण पूछा, तो वह करने लगा कि तुम्हारा मोबाइल मनी लॉन्ड्रिंग केस में ट्रेस हुआ है। आपके नाम पर किसी संदीप कुमार नाम के व्यक्ति ने बैंक में खाता खोला है और आपके नाम से फोन उपयोग किया जा रहा है। चूंकि कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था, जो फोन कॉल में भी आईपीएस की यूनिफॉर्म में नजर आ रहा था, जिससे बुजुर्ग उसकी बात सुनकर बुरी तरह से घबरा गए। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने उनसे 3.80 लाख रुपए अपने बताए अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की गई है, जिस पर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।






# जेपी के कारण देश में लोकतंत्र पुनर्स्थापित हुआ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 11 अक्टूबर.** लोकतंत्र सेनानी संघ के तत्वाधान में स्व. जयप्रकाश नारायण एवं राजऋषि भारतरत्न नानाजी देशमुख का जन्मदिन आज यहां फूलबाग स्थित गांधी उद्यान में मनाया गया.

संगठन के राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम ने संपूर्ण क्रांति के महानायक लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं राजऋषि नानाजी देशमुख के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी तथा आपातकाल- 1975 में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में उनके योगदान के बारे में विस्तार से बताया. राष्ट्रीय सचिव ने दोनों महापुरुषों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की माँग को दोहराया.

### लोकनायक की प्रतिमा लगाने की मांग

राष्ट्रीय सचिव ने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के निमित्त जनजागरण हेतु संकल्प की शपथ दिलवायी.

ग्वालियर शहर में सर्वसम्मति से लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया. इस निमित्त सक्षम प्राधिकारियों से मिलकर अनुरोध करने का निर्णय लिया गया.पुनीत सक्सेना, भानुप्रकाश जैन, गोपाल भदौरिया, धर्मेंद्र मिश्रा, जयेन्द्र पाल खुराना आदि ने विचार व्यक्त किये.आयोजन की अध्यक्षता गुलशन गोगिया, स्वागत भाषण राजेन्द्र आर्य, संचालन गोपाल गांगिल व रामबाबू सेन ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के पदाधिकारियों दीपाली सक्सेना, संदीप जौहरी, जयनारायण श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, अरुण भटनागर, शैलेंद्र श्रीवास्तव आदि ने जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर आपातकाल योद्धाओं का पुष्पहार से अभिनंदन किया.